| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>**राजस्व लोक अदालत केम्प वर्ष-2017** |
|---|---|

राजस्व विविध सं. 41/2016 गेनाराम बनाम: मांगीलाल वगैरा
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 आर.टी.एक्ट.1955 एवं सपठित
आदेश–39, नियम–1 व 2 तथा धारा 151 सी.पी.सी.

**दिनांक 29.06.2017**

यह पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान "न्याय आपके द्वार" वर्ष 2017 के दौरान केम्प–अटल सेवा केन्द्र चाणौद में बरोज आज पेश हुई। पक्षकारान उपस्थित। हमने, लोक अदालत की मंशा के अनुरूप सुलभ न्याय हेतु पक्षकारों की दलील को सुना, साथ ही पत्रावली का अवलोकन व परीक्षण किया। चूंकि प्रश्नगत् मामले से संबंधित मूल राजस्व वाद सं 45/2016 को बरोज आज राजस्व लोक अदालत केम्प चाणौद में निस्तारण कर खारिज कर दिया गया है, ऐसी विधिक स्थिति में इस पत्रावली अन्तर्गत कार्यवाही को आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः इस पत्रावली अन्तर्गत गत् आदेश तालिका दिनांक 04.07.2016 को पारित अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा को निरस्त करते हुए इस पत्रावली खारिज किया जाता है। यह पत्रावली फैसल में शुमार होकर नंबर से कम हो एवं संबंधित मूल़ वाद पत्रावली राजस्व वाद सं. 45/2016 के साथ नत्थी हो।

**उपखण्ड अधिकारी**
**सुमेरपुर, जिला-पाली (राज)**

Scanned by CamScanner